विराट वैभव

जयपुर, रविवार, 25 जनवरी, 2026

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 40 टीबी मरीजों को पोषण राशन

जयपुर (विराट वैभव)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नि-क्षय मित्र कार्यक्रम के तहत मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा अपने सीएसआर पार्टनर फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से श्री हरि बख्श कांवटिया राजकीय चिकित्सालय, शास्त्री नगर, जयपुर की टीबी यूनिट में 40 टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण युक्त राशन किट वितरित की गई। कार्यक्रम में अस्पताल प्रशासन एवं टीबी यूनिट के प्रतिनिधियों सहित डॉ. लक्ष्मण सिंह जादौन (एमओ), यादवेंद्र सिंह, बल सिंह, सुश्री रजनी कुमारी, मोहम्मद शोएब एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर दयाराम स्वामी (सीएसआर एग्जीक्यूटिव, मुकुल माधव फाउंडेशन) ने बताया कि जयपुर-ढूंढ क्षेत्र की 5 टीबी यूनिट्स में प्रत्येक माह लगभग 200 टीबी मरीजों को नियमित रूप से पोषण सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को गति मिल रही है।